तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 ग्राम पंचायत भटगांव में आयोजित हुआ उपभोक्ता जागरूकता शिविर



## खबर संक्षेप

### विधायक चोंढ़ा में नवीन पंचायत भवन का कल करेंगे लोकार्पण

**हरदीबाजार।** विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत चोढ़ा में 24 जनवरी को दोपहर 12 बजे नवीन पंचायत भवन, समुदाय भवन का लोकार्पण एवं अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्यातिथि में संपन्न होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सुनिता अम्बिका करपे, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, जिपं अध्यक्ष डॉ पवन कुमार सिंह, जिपं उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, जपं अध्यक्ष पाली श्रीमती पूर्णिमा शोभा सिंह जगत, विधायक प्रतिनिधि दुष्यंत शर्मा, जिलाध्यक्ष सरपंच संघ छत्रपाल सिंह राज, उपसरपंच श्रीमती कुन्ती बाई पोर्ते सहित समस्त पंच व ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।

### श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति की आमसभा कल

**कोरबा।** श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति की नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए 24 जनवरी को अंजनी कुंज श्रीवास भवन में सुबह 9 बजे से जिला स्तरीय आम सभा का आयोजन किया गया है। आयोजन में केवल वहीं सामाजिक बंधु हिस्सा ले सकेंगे जो श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति के सदस्य हैं।

### इंदिरा विहार विकास समिति का शपथ ग्रहण 27 को

**कोरबा।** इंदिरा विहार विकास समिति का नववर्ष समारोह और न्यू बॉडी की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 27 जनवरी को शाम 7 बजे इंदिरा विहार के टैगोर उद्यान टीपी नगर में किया गया है।

# गारे पालमा-3 कोल माइंस को मिला ओवरऑल फर्स्ट प्लेस सम्मान

## विद्युत कंपनी की कोयला खदान ने सुरक्षा में फिर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी की गारे पालमा-3 ओपनकास्ट कोल माइंस ने सुरक्षा और संचालन मानकों में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 में सात प्रतिष्ठित पुरस्कार अर्जित किए। इनमें सबसे महत्वपूर्ण सम्मान ग्रुप-ई श्रेणी में ओवरऑल फर्स्ट प्लेस है। यह उपलब्धि गारे पालमा-3 के लिए लगातार पाँचवें वर्ष की उल्लेखनीय सफलता है।

पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन डायरेक्टरेट जनरल ऑफ माइंस सेफ्टी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर जनरल उज्ज्वल ताह, डिप्टी डायरेक्टर जनरल राम अवतार मीना तथा डायरेक्टर (टेक्निकल) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। टीम का नेतृत्व कर रहे क्लस्टर प्रमुख एल.आर.सी. रेड्डी एवं साइट हेड विवेक रैरकर ने पूरे दल के साथ पुरस्कार प्राप्त किए। इस वर्ष गारे पालमा-3 कोल माइंस ने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ग्रुप-ई श्रेणी में ओवरऑल फर्स्ट प्लेस के साथ-साथ सुरक्षा प्रबंधन योजना एवं एसओपी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विस्फोटक प्रबंधन तथा प्रकाश व्यवस्था श्रेणी में भी प्रथम स्थान हासिल किया गया। इसके अतिरिक्त, माइंस वर्किंग में द्वितीय स्थान, डंप प्रबंधन, पुनर्वास एवं वनीकरण में द्वितीय स्थान तथा सर्वेक्षण श्रेणी में भी द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। पिछले वर्ष भी गारे पालमा-3 ने सात पुरस्कारों के साथ ओवरऑल फर्स्ट प्लेस हासिल किया था। लगातार पाँच वर्षों तक शीर्ष स्थान प्राप्त करना सीएसपीजीसीएल की सुरक्षित, जिम्मेदार और सतत खनन के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गारे पालमा-3 की ये उपलब्धियाँ न केवल सुरक्षा मानकों में उसकी उत्कृष्टता को सिद्ध करती हैं, बल्कि सतत खनन, पर्यावरण प्रबंधन और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में सीएसपीजीसीएल की अग्रणी भूमिका को भी सुदृढ बनाती हैं।

**खास बातें**

- वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा में 7 पुरुस्कार किये अर्जित
- लगातार पांचवें वर्ष हुआ आयोजन



## सायबर थाना की सौगात मिल सकती है 26 को

# मिली सौगात, सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने की कार्रवाई में आएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इलेक्ट्रानिक संसाधनों का इस्तेमाल बढ़ता ही जा रहा है खासतौर पर मोबाइल का इस्तेमाल बढ़ने की वजह से तरह तरह की ठगी की घटनाएं सामने आ रही है। बढ़ते सायबर अपराध को रोकना पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है। जिला पुलिस की एक यूनिट के द्वारा ही सायबर अपराधों का डिटेक्शन किया जा रहा है लेकिन जल्द ही सायबर अपराधों के मामलों में तेजी आ सके इसके लिए शहर में सायबर थाने की मंजूरी मिल चुकी है इसके लिए सरकार की घोषणा के बाद जिले में साइबर थाना के लिए नोटिफिकेशन व सेटअप मंजूर हो चुका है। आने वाले कुछ दिनों के भीतर सायबर थाने की सौगात जिलेवासियों को मिल सकेगी।

डिजिटल युग में लोग मोबाइल, लैपटॉप सहित अन्य गैजेट का इस्तेमाल करते जा रहे हैं और इसकी संख्या दिन ब दिन बढ़ते ही जा रही है जहां इन संसाधानों के आने से लोगों का काम जहां असान हो गया है तो वहीं दूसरी ओर साइबर अपराध (फ्रॉड) के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। खासतौर पर ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटार्सन, सोशल मीडिया अपराध और डिजिटल धोखाधड़ी से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो रहे हैं। पुलिस के लिए आधुनिक युग की यह चुनौती साबित हो रही है। इसलिए साइबर अपराध की रोकथाम के लिए जिला पुलिस द्वारा एक सायबर

⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- बढ़ते साइबर अपराध के मामलों की विवेचना कार्रवाई में आएगी तेजी




फाइल फोटो

### निरीक्षक समेत साइबर थाना में 10 की तैनाती

नया सायबर थाना खुलने से अधिकारी कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ेगी। जिसमें 1 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक, 2 प्रधान आरक्षक व 5 आरक्षक के पद स्वीकृत किए गए हैं। इस तरह साइबर थाना में निरीक्षक समेत 10 पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। साइबर थाना में पूर्ण प्रशिक्षित स्टाफ रहेंगे। साइबर सेल की टीम की तरह वे दीगर अपराध में जांच के लिए नहीं जाएंगे। मात्र साइबर क्राइम के मामले में जांच व धरपकड़ की कार्रवाई करेंगे।

# मानवता की मिसाल बनी एसजेआर की टीम लावारिस लाश का किया कफ़न-दफ़न



कफन दफन करते एसजेआर की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम झरिया के जंगल में दो दिन पूर्व लगभग 6 दिन पुराना एक अज्ञात पुरुष का शव बरामद हुआ था। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही थी। शव सेन्हा के पेड़ पर जंगली नार (रस्सी) के सहारे लटका हुआ मिला था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा था। हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगा। स्थानीय ग्रामीणों से सूचना मिलने पर जटगा चौकी के प्रधान आरक्षक वीरेंद्र कुमार एवं आरक्षक संजीव कवर साथ ही पोड़ी गोसाई के सरपंच के द्वारा शव को पेड़ से नीचे उतारकर कटघोरा अस्पताल लाया गया। पुलिस के अनुसार शव करीब 5 से 6 दिन पुराना होने से सड़ने की स्थिति में पहुंच चुका था। इसलिए पुलिस ने जल्द ही इसका अंतिम संस्कार किया वहीं हमेशा की तरह एसजेआर टीम के संस्थापक सेंटी गर्ग के टीम द्वारा इसका विधिवत अंतिम संस्कार कराया गया। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतजार में रिपोर्ट मिलने पर मामले में वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।





हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक


ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मानः** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्हः** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वजः** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिताः** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'




अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।





कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं




बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब :** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक :** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य :** 395 रुपए, **प्रकाशक :** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1 वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2 तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3 एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद


कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शरद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रशिका, जांजगीर


समृद्धि, शहडोल


धरा, रायपुर


पयोधि, अंबिकापुर


ओविया, बिलासपुर


प्रमाण, बालोद

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय राज्य स्तरीय रोजगार मेला रायपुर में 29 जनवरी से

**कोरबा।** छग शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के द्वारा 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु जिले के आवेदकों का साक्षात्कार 31 जनवरी शनिवार को निर्धारित है। जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 15 हजार पदों में चयन हेतु साक्षात्कार लिया जाएगा। उक्त रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट में रोजगार पंजीयन एवं राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन दोनों आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन एवं राज्य स्तरीय रोजगार मेला में पंजीयन नहीं किया है वे वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

### मतदान केंद्रों से लेकर महाविद्यालयों तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

**कोरबा।** जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनव्हीडी) गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन प्रातः 11 बजे से शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में निर्धारित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में लोकतंत्र की मजबूती और मतदाता जागरूकता के इस महापर्व को जिले के प्रत्येक कोने तक पहुँचाने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के समस्त विकासखंडों, तहसीलों, संकुलों तथा सभी ग्राम पंचायतों में विशेष सभाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों, मतदान केंद्रों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन सभी स्थानों पर उपस्थित जनसमूह और शासकीय अमले को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया से जोड़ना तथा उन्हें अपने मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

### एसआईआर जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया संदेश

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन



अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कड़ी में 22 जनवरी को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की स्वीप एवं एनएसएस टीम की छात्राओं ने बुधवारी बाजार, जेपी कॉलोनी, एसईसीएल कॉलोनी, काशीनगर, निहारिका क्षेत्र में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर निष्पक्ष एवं नैतिक मतदान का मजबूत संदेश दिया। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के स्वीप टीम के युवा छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एसआईआर एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस तथा निष्पक्ष निर्वाचन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति कर लोगों को जागरूकता का संदेश दिया।

## निधन

### श्रीमती कौशिल्या देवी



**कोरबा।** प्रेस क्लब, कोरबा के सदस्य व पत्रकार दीपक गुप्ता की माता श्रीमती कौशिल्या देवी (70 वर्ष) का गुरुवार की देर शाम दुखद निधन हो गया है। जिनकी अंतिम संस्कार बालको परसाभाठा स्थित निज निवास से शुक्रवार की सुबह स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। श्रीमती कौशिल्या देवी अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मिली सौगात...

यूनिट के चंद अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से ही सायबर मामलों का डिटेक्शन किया जा रहा है। जिले में बढ़ते सायबर अपराध को देखते हुए जिले में सायबर थाने की खोलने की लगातार मांग उठ रही थी। इस कड़ी में राज्य सरकार ने सायबर थाना खोलने के लिए अपनी स्वीकृति दे दी थी जिसके बाद नोटिफिकेशन के बाद सेटअप भी मंजूर हो चुका है। वर्तमान में साइबर अपराध से निपटने के लिए कोरबा में साइबर सेल संचालित किया जा रहा है, उसे ही साइबर थाना के रूप में उन्नयन किया जाएगा। सूत्र बताते हैं कि सायबर थाने की सौगात जल्द मिल सकती है। नया सायबर थाना खुलने से जहां पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों की संख्या बढ़ेगी। सूत्र बताते हैं कि 26 जनवरी को जिले में सायबर थाने की सौगात मिल सकेगी। इसके लिए पुलिस अधिकारियों के द्वारा तैयारी शुरु कर दी गई है। साइबर थाना खुलने से साइबर अपराधों पर त्वरित और प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

### विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी

# सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में अभ्युदय पूर्व छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




छात्र सम्मेलन में उपस्थित भूतपूर्व छात्र व अतिथि।

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रगति नगर एनटीपीसी में पूर्व छात्र सम्मेलन अभ्युदय का वृहद एवं गरिमामय आयोजन विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर वर्ष 1987 से 2014 तक के विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दी। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राठौर, उपाध्यक्ष भरत राम साहू, कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह ठाकुर, प्राचार्य लक्ष्मी नारायण जायसवाल, पूर्व छात्र परिषद के संरक्षक शंकर लाल महेश्वरी एवं शैलेंद्र यादव, परिषद अध्यक्ष मनीष अग्रवाल साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्र गुंजन शुक्ला, भूपेंद्र कुमार साहू एवं अनिल कुमार विश्वकर्मा मंचस्थ रहे। इस अवसर पर पूर्व शिक्षक श्याम लाल चंद्रा, तोषण गुप्ता, शांतिलाल राठौर, श्रीमती चेतना जोशी, श्रीमती सविता गुप्ता, शांतनु गुप्ता, मंगतु राम वर्मा, प्रदीप कुमार साहू, अर्जुन सिंह पटेल, संतोष कुमार थवाईत, मुनीराम साहू सम्मिलित थे। पूर्व छात्रों द्वारा सभी गुरुजनों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर श्रद्धापूर्वक सम्मान किया गया। प्राचार्य जायसवाल एवं सर्वेश्वर शिक्षण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व छात्र परिषद के संयोजक आचार्य अशोक कुमार चंद्रवंशी का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम की सफलता हेतु परिषद के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल एवं सचिव हर्षवर्धन गुप्ता का योगदान रहा।

# राम नारायण अखिल भारतीय साहित्यकारों में हुए सम्मानित



साहित्यकार रामनारायण का सम्मान करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी

शिक्षक कला साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर किया गया। जिसमें 650 रचनाकारों में से 151 को चयनित कर एक साझा संकलन गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड कृति एक पेड़ मां के नाम प्रकाशित हुआ। जिसका विमोचन राज्यपाल रमेन डेका छत्तीसगढ़ शासन के करकमलों से किया गया। जिसमें अखिल भारतीय स्तर के 31 श्रेष्ठ रचनाकारों को परिषद द्वारा प्रशस्ति पत्र मोमेंटो शाल, श्रीफल एवं 1100 नगद राशि से राजिम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल मंत्री संस्कृति एवं पर्यटन छत्तीसगढ़ शासन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंदूलाल साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन विशिष्ट अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम क्षेत्र, डॉक्टर विनय कुमार पाठक कुलपति बिहार, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा विभा अवस्थी, वरिष्ठ साहित्यकार मीर अली मीर एवं महेश यादव अध्यक्ष नगर पालिका राजिम रहे। संयोजक सागर कुमार शर्मा एवं शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के सभी सदस्य उपस्थित रहे। राम नारायण प्रधान व्याख्याता सेजस सोहागपुर 31 में चयनित होकर जिले के शिक्षा विभाग के साथ राज्य को गौरवान्वित किया।

# नये भाजपा कार्यालय भवन के भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री व मंत्रिमंडल को दिया गया आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आमंत्रण के दौरान उपमुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री व जिला अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कोरबा के नवीन भवन के भूमिपूजन कार्यक्रम 2 फरवरी को लेकर रायपुर में सौजन्य भेंट की गई। उद्योग मंत्री लखन देवांगन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने मुख्यमंत्री निवास, सिविल लाइन रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओ.पी. चौधरी सहित मंत्रिमंडल के माननीय सदस्यों से भेंट कर उन्हें सादर आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री समेत पूरे मंत्रीमंडल ने आयोजन में सहभागिता हेतु आमंत्रण सहर्ष स्वीकार किया। इसके पश्चात रायपुर स्थित कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कोषाध्यक्ष राम गर्ग, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू सहित अन्य वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों से भी सौजन्य भेंट कर भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया। प्रदेश नेतृत्व ने कार्यक्रम में सहभागिता का आश्वासन देते हुए आमंत्रण स्वीकार किया। उल्लेखनीय है कि 2 फरवरी को प्रस्तावित यह भूमिपूजन कार्यक्रम कोरबा में संगठनात्मक सुदृढ़ता, कार्यकर्ताओं के समर्पण और जनसेवा के संकल्प का प्रतीक बनेगा। यह आयोजन भाजपा संगठन के विस्तार और जनहितकारी गतिविधियों को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक क्षण सिद्ध होगा।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने सीएसईबी ग्राउंड का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर, एसपी व निगम आयुक्त।

कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों के संबंध में सीएसईबी ग्राउंड का निरीक्षण किया। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, गाड़ियों की पार्किंग, झांकी के एंट्री-एक्जिट प्लान एवं सुरक्षा व्यवस्था के बारे में चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। 24 जनवरी को गणतंत्र दिवस के संबंध में अंतिम रिहर्सल किया जाएगा। कलेक्टर ने निगमायुक्त श्री आशुतोष पांडेय को आयोजन स्थल पर मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

परेड में सीआईएसएफ, पुलिस, नगर सेना एवं एनसीसी, स्काउट गाइड की टुकड़ियां भाग लेंगे। समारोह सुबह 9 बजे शुरू होगा। समारोह के मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री के छत्तीसगढ़ वासियों के लिए प्रेषित संदेश का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, डॉक्टरों, पुलिस कर्मियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों सहित विभिन्न विभागों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर आयोजित गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय योजनाओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी शासकीय एवं सार्वजनिक भवनों तथा राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों पर रोशनी की जाएगी। जनपद कार्यालयों में जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकायों में नगरीय निकाय के महापौर या अध्यक्षों द्वारा ध्वजारोहरण किया जाएगा।

# ग्राम पंचायत भटगांव में आयोजित हुआ उपभोक्ता जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज : कोरबा

छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा प्रतिमाह जिले के

**खास बात**

- जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामीणों को उपभोक्ता अधिकारों की दी गई जानकारी



शिविर में उपस्थित ग्रामीण एवं जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्यगण।

ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत भटगांव में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई।

जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्य सुश्री ममता दास एवं पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए। अपने हित के विरुद्ध संविदा से परेशान होने पर वे ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से घर में बैठकर ही ई-फाइलिंग के माध्यम से जिला आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात आयोग के द्वारा ई-हियरिंग के माध्यम से वाद की सुनवाई का अधिकार भी उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने की बात कही। इस दौरान उपस्थित महिलाएं एवं अन्य ग्रामीणों के प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

### तीन जुआरी गिरफ्तार 25 सौ रुपए नकद ताश की गड्डी जब्त

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम नवगंवा में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उनके कब्जे से 25 सौ रुपए नगद व ताश बरामद किया गया है। थाना बलौदा पुलिस द्वारा 21 जनवरी की देर संध्या ग्राम नवगंवा में रेड कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मौके से 25 सौ रुपये नगद एवं 52 पत्ती ताश जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने सुकांत विश्वास, निवासी खैजा, शशांक कहरा जांजगीर, मोहनलाल मधुकर निवासी बोकरेल थाना बलौदा को नवगंवा में जुआ खेलते पकडे गया है।

# पाली महोत्सव की तैयारियों को लेकर जनप्रतिनिधियों की बैठक



बैठक के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र पाली में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव-2026 की पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्होंने बताया कि पाली महोत्सव के दौरान राष्ट्रीय, राज्य एवं स्थानीय स्तर के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसके लिए कलाकारों से रुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत इस वर्ष भी साइकिल मैराथन आयोजित होगी। बच्चों के लिए गेमिंग जोन, एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसी गतिविधियों की तैयारी के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने आयोजन को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# पेलोटी स्कूल में साइंस एग्जीबिशन वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन




कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का सम्मान करते प्राचार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

स्टेनस पेलोटी स्कूल कटघोरा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल रहे। अन्य अतिथियों में लालबाबू ठाकुर उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, जय कंवर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि राज जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों को भी जीवन में उतारने पर बल दिया तथा विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उपाध्यक्ष लाल बाबू ठाकुर ने कहा कि आज बच्चों के द्वारा जितने सुंदर एव गरिमामय तरीके से प्रदतुती दी है निश्चित ही सराहनीय है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य सेबेनियस कुजूर के द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित

# छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने शासकीय कार्यालयों में अखबार अनिवार्य करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं स्कूल कॉलेजों में दैनिक समाचार पत्र अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि अखबार स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की जानकारी का सशक्त माध्यम हैं, जिससे विद्यार्थियों के सामान्य ज्ञान और बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है तथा अधिकारी-कर्मचारी भी समसामयिक विषयों से अपडेट रहते हैं।

ज्ञापन में छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ से जुड़े वितरकों की आजीविका का मुद्दा भी उठाया गया। डिजिटल माध्यमों के बढ़ते प्रभाव से अखबार प्रसार घट रहा है, जिससे वितरकों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो रहा है। कलेक्टर से आग्रह किया गया कि जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में अखबारों की अनिवार्यता संबंधी आदेश जारी किए जाएँ ताकि सूचना का प्रसार और रोजगार दोनों को संबल मिल सके। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू, जिला सचिव जय सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी राठौर, संयोजक तपेश्वर राठौर एवं राय सिंह उपस्थित रहे।

प्रो.नं. 25/2026 सिविल एम.जे.सी. क्र 13/2026
पेशी दिनांक -26.02.2026

**आम ईश्तहार**

**न्यायालय श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)**

जितेंद्र कुमार ........अपीलार्थीगण
बनाम
अनामिका चंद्रा वगै. ..............उत्तरवादीगण

उपरोक्त अपीलार्थीगण के द्वारा अनामिका चंद्रा वगैरह के विरुद्ध न्यायालय श्रीमान प्रधान जिला न्यायाधीश कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.) के समक्ष न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा छ.ग. के व्य.वाद.क्र. 04/2022 पक्षकार अनामिका चंद्रा बनाम आम जनता वगैरह में पारित आदेश दिनांक 12-11-2025 के विरुद्ध प्रथम अपील अंतर्गत धारा 384 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 का आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसका सिविल एम.जे.सी. क्र. 13/2026 है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 26/02/2026 की तिथि नियत है। अतः उक्त प्रकरण में अपीलार्थीगण के द्वारा आम जनता को पक्षकार बनाया गया है, इसलिए उत्तरवादीगण क्र. 02- आम जनता (जिसका इस वाद से संबंध हो) को उक्त प्रकरण के संबंध में कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26/02/2026 को दिन के 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाबदावा इस न्यायालय में पेश करें। अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक 26/02/2026 को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जायेगी। आज दिनांक 13.01.2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(एस. शर्मा)**
**प्रधान जिला न्यायाधीश**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**



## खबर संक्षेप

### महापौर आज करेंगी निगम की लाईब्रेरी में मां सरस्वती की पूजा अर्चना



**कोरबा।** महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत 23 जनवरी को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर नगर पालिक निगम के गीतांजलि भवन स्थित सार्वजनिक वाचनालय में प्रातः 9 बजे विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करेंगी, इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर सहित निगम के पार्षद व जनप्रतिनिधिगण भी पूजा अर्चना में भाग लेंगे। निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर विद्यादायनी मां सरस्वती की पूजा अर्चना का पावन कार्यक्रम पुराना बस स्टैण्ड कोरबा के गीतांजलि भवन में स्थित निगम के सार्वजनिक वाचनालय कम-लाईब्रेरी में 23 जनवरी को प्रातः 9 बजे रखा गया है, उन्होने बताया कि महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर नगर के विकास व आमनागरिकों की सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करेंगी। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एम.आई.सी. के सदस्यगण, पार्षदगण व निगम के अधिकारी कर्मचारीगण मां सरस्वती की पूजा अर्चना में भाग लेंगे।

### जल्द से जल्द विकास कार्यों को करें पूरा : राजूपत



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका में कार्यों को लेकर एवं आगामी समय में मटन मार्केट के निर्माण चौपाटी निर्माण एवं बस स्टैंड संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता, पीआईसी मेंबर एवं वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी, इंजीनियर आदित्य के साथ स्थल निरीक्षण किया तथा इस अवसर पर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जल्द से जल्द उक्त कार्यों के टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण करने एवं निविदा जारी कर कार्य के शुभारंभ करने पर कदम उठाए जाने को कहा। इस अवसर पर पार्षद इस्तखार अली, हिमांशु देवांगन, धरम तिवारी, राजेंद्र साहू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### विकास कार्यों को लेकर नगर पालिका परिषद में हुई बैठक



**कोरबा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा के सभाकक्ष में गुरुवार को खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, अनुविभागीय अधिकारी, कृषि उपज मंडी, सहायक अभियंता, जल संसाधन विभाग, रेशम विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग सहित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शहर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी विभागों को विकास कार्यों में और अधिक तेज़ी लाने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कटघोरा के उपाध्यक्ष लालबाबू ठाकुर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**कोरबा।** एनटीपीसी बस स्टैंड स्थित श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर श्री श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण एवं श्री राधा कृष्ण के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया है। इसके पूर्व कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल हुए। क्षेत्र की महिलाओं व युवतियों ने कलश धारण किया व कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ श्री द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर से साडा कालोनी शिव मंदिर से मुख्यमार्ग साडा कालोनी भ्रमण करते हुए श्री शिव, हनुमान मंदिर पहुंची। श्री लक्ष्मी नारायण मूर्ति एवं श्री राधा कृष्ण के मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत तीन दिवसीय आयोजन किया गया है। 22 जनवरी को वेदी पूजा, जलाधिवास, अन्नानिवास एवं शय्याधिवास तथा 23 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया जाएंगा। पूरे आयोजन में क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मां अष्टभूजी देवी जागरण मंच के कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। संरक्षक कौशल देवांगन, अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष मनोज वर्मा, सचिव आशीष अग्रवाल सहसचिव संजय कूर्मवंशी श्रद्धालुओं से परिवार सहित उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने अपील की है।

# विद्युत कंपनी के संविदा कर्मचारियों को मिला वेतन वृद्धि का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ सदैव कर्मचारी हितैषी मुद्दों को विद्युत प्रबंधन के समक्ष उठता रहा है और उसे पूरा कराने लगातार विद्युत प्रबंधन से सकारात्मक चर्चा करता आया है, चर्चा विफल होने पर आंदोलन की रणनीति तय कर आंदोलन के माध्यम से मांग पूरी कराने प्रयास किया जाता रहा है।

इसी कड़ी में विगत कई वर्षों से लंबित 22 सूत्रीय मांग जिसमें दो प्रमुख मांग 2004 के पश्चात कंपनी में नियुक्त कर्मचारियों अधिकारियों की पुरानी पेंशन और संविदा नियमितीकरण मुद्दे को लेकर अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में 9 अक्टूबर 2025 को विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया में विशाल आमसभा और धरना प्रदर्शन किया गया था जिसके परिणाम स्वरूप 24 अक्टूबर को चेयरमैन के साथ द्विपक्षीय वार्ता में संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि के संबंध में मिनट्स ऑफ मीटिंग में प्रबंधन के द्वारा महासंघ के प्रतिनिधियों से प्रस्ताव मांगा गया था। महासंघ के प्रयास से 22 जनवरी को महासंघ के प्रतिनिधियों के समक्ष विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा संविदा कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि के संबंध में आदेश जारी किया गया। और 10 वर्ष सेवा पूर्ण कर चुके संविदा कर्मचारियों की सेवा आगे जारी रखने आदेश जारी किया गया। महासंघ के प्रतिनिधियों द्वारा प्रबंध निदेशक का आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेट किया गया, संविदा कर्मचारियों के ओर से राधेश्याम जायसवाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय मजदूर संघ के मंत्री एवं उद्योग प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय बिजली कर्मचारी महासंघ के उपमहामंत्री हरीश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज शर्मा, सदस्य डी के यदु, रीता बघेल, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिंहा, उपाध्यक्ष मोरध्वज जायसवाल, सदस्य केमल वर्मा, पुरन दास, राकेश सैनी, कल्पना तुमराम रायपुर क्षेत्र के अध्याक्ष परमेश्वर कन्नौजे, सचिव नीलांबर सिंहा उपस्थित रहे।

## 10 वर्ष की सेवा अवधि पूरी कर चुके कर्मियों की जारी रहेगी सेवा

**खास बातें**

- छग बिजली कर्मचारी संघ महासंघ ने खोला मोर्चा
- 22 सूत्रीय मांगों को लेकर किया गया था धरना



## नहर पार करने के लिए बनाया गया था ब्रिज

# बरबट्टी गिरोह ने नहर से गायब किया था लोहे का ब्रिज, फूटा भांडा, 5 गिरफ्तार



मामले का खुलासा करती पुलिस के अधिकारी।



नहर में डूबी पुल के लोहे के हिस्से को क्रेन से निकालते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुछ दिनों पूर्व शहर के ढोढ़ीपारा स्थित नहर पुल पर बने लोहे के 10 टन ब्रिज को गैस कटर से काटकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोरी को किसी और ने नहीं बल्कि राताखार के कुख्यात कबाड़ी मुकेश साहू ऊर्फ बरबट्टी के इशारे पर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने मामले को सुलझाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और 5 टन कबाड़ गैस कटर व वाहन को पुलिस ने बरामद कर लिया है जबकि मामले का सरगना सहित कुल दस आरोपी फरार है जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र के ढोढ़ीपारा बस्ती का मामला

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत चारपारा कोहड़िया में नहर को पार करने के लिए वर्षों पूर्व जल संसाधन विभाग के द्वारा 10 टन से अधिक वजनी लोहे का पुल तैयार किया गया था जिसे 17 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने गैस कटर से काटकर पुल की ही चोरी कर ली है। ढोढ़ीपारा निवासी वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद लक्ष्मण श्रीवास ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 17 जनवरी को अज्ञात चोरों ने ढोढ़ीपारा स्थित नहर पार करने के लिए लोहे का पुलिया (ब्रिज) जिसे अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर सिविल लाईन प्रभारी नवीन पटेल, सायबर सेल प्रभारी अजय सोनवानी, सीएसईबी चौकी प्रभारी भीमसेन यादव व पुलिस की विशेष टीम मामले में आरोपियों के धरपकड़ के प्रयास में जुटी हुई थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने दशहरा मैदान के पीछे 15 ब्लॉक निवासी लोचन केंवट उम्र 20 साल पिता मंगलु राम केवट व जयसिंह राजपूत उम्र 23 साल पिता खड़दीप सिंह एवं पंप हाउस निवासी मोती प्रजापति उम्र 27 साल पिता राजमणी प्रजापति, सुमित साहू उम्र 19 साल, 15 ब्लॉक झरनापारा निवासी केशवपुरी गोस्वामी ऊर्फ पिच्चर उम्र 22 साल पिता हेमंतपुरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया और उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना स्थल से 1 टाटा एस (छोटा हाथी) वाहन, 1 स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, गैस कटर मशीन, ऑक्सीजन सिलेंडर, एलपीजी सिलेंडर, मोबाइल फोन एवं 6 हजार नगद बरामद किया गया है। मामले में कुल 15 आरोपियों की पहचान की गई, असलम खान, मुकेश साहू उर्फ़ बरबटी, शिवा, सोनू मेमन, सुमित साहू, आदित्य यादव उर्फ आदि, केशवपुरी गोस्वामी उर्फ पिक्चर है जिनमें से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने रशियन हॉस्टल के पास नहर पुल में लगे लोहे के रेलिंग, पुल को गैस कटर से काटकर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से कटी हुई लोहे की रेलिंग बरामद की गई है।

### सिंडिकेट बनाकर वारदात को दे रहे थे

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बताया कि राताखार निवासी मुकेश उर्फ बरबट्टी इस गिरोह का सरगना है जिसके इशारे पर गैस कटर के माध्यम से लोहा एंगल सहित कई स्थानों में जाकर लोहे की पाथ काटकर अन्य जिलों में खपाने का काम कर रहे थे। बताया जाता है की वारदात के दिन योजनाबद्ध तरीके से दशहरा मैदान में एकत्रित हुए थे और एक ही पिकअप वाहन में सवार होकर सभी लोग मौके पर पहुंचे थे जिसके बाद पिकअप में लोड कर कबाड़ को राताखार ले गए थे जहां ट्रक में लोड कर ब्रिज को खपा दिया गया। फिलहाल पुलिस का कहना है कि गिरोह के सरगना सहित अन्य आरोपियों के पकड़े जाने के बाद आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### क्रेन से निकल गया नहर से कबाड़

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि कबाड़ चोरों ने नहर ब्रिज को काटने के बाद ज्यादातर कबाड़ के समान को पिकअप में लोड कर अपने साथ ले गए थे जबकि लगभग 12 सौ किलो कबाड़ को घटना स्थल नहर के पानी में छिपा दिया गया था ताकि समय देखकर कबाड़ चोर क्रेन लेकर पुनः पहुंचते और नहर में डूबे कबाड़ को लेकर फिर से उसे खपाने की योजना थी लेकिन आरोपियों के पकड़े जाने के बाद पुलिस की टीम आरोपियों के निशानदेही पर घटना स्थल पर क्रेन लेकर पहुंची थी और नहर के पानी में डूब लगभग 12 सौ किलो कबाड़ को क्रेन से बाहर निकालकर जब्त किया गया है।

# पीएनसी कार्यालय पर लगा नौकरी के नाम पर वसूली का लगा आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भूविस्थापित व अन्य।

एसईसीएल गेवरा माइंस में कोयला उत्खनन और ओवरबर्डन का काम कर रही पीएनसी कंपनी एक बार फिर गंभीर विवादों में घिर गई है। स्थानीय भू-विस्थापितों और बेरोजगार युवाओं की उपेक्षा के विरोध में नगर पालिका दीपका के पार्षदों ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कंपनी कार्यालय का जोरदार घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने कंपनी पर भर्ती के नाम पर 50 हजार से 1 लाख रुपये तक की अवैध वसूली के आरोप लगाए हैं।

**खास बात**

- कांग्रेस व भाजपा के पार्षदों ने खोला मोर्चा, किया घेराव

कटघोरा रोड स्थित कंपनी कार्यालय के बाहर नो वैकेंसी का बोर्ड लटका दिया गया है जबकि दर्जनों स्थानीय युवक-युवतियां अपना रिज्यूम लेकर घंटों कतार में खड़े रहते हैं। दीपका नगर पालिका के कांग्रेस, भाजपा और निर्दलीय दलों के करीब 12 पार्षदों ने इस दोहरी नीति के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्षदों का आरोप है कि नियमों को ताक पर रखकर क्षेत्रीय युवाओं की जगह बाहरी व्यक्तियों को नौकरी में प्राथमिकता दी जा रही है। विरोध के दौरान सबसे गंभीर मुद्दा अवैध वसूली का उठा। पार्षदों ने आरोप लगाया कि कंपनी में भर्ती के लिए 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक की कथित मांग की जा रही है। नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेत्री हर्षित देवी राजपूत ने कड़े शब्दों में कहा कि क्षेत्र के बेरोजगारों में भारी नाराजगी है। उन्होंने अवैध वसूली की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। हंगामे की सूचना मिलते ही दीपका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभा। पुलिस ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि जल्द ही जिला प्रशासन, कंपनी प्रबंधन और जनप्रतिनिधियों के बीच एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें भर्ती प्रक्रिया को लेकर पारदर्शी निर्णय लिया जाएगा। इधर पीएनसी कंपनी के एचआर हेड अशोक राय ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उनका कहना है कि दीपका स्थित कार्यालय अस्थाई है और कुछ लोग मामले को गलत ढंग से पेश कर रहे है। उन्होंने दावा किया कि भविष्य में आने वाली वैकेंसी में कंपनी की गाइडलाइन के तहत स्थानीय लोगों को ही प्राथमिकता दी जाएगी।

### आखिर किसके पास जा रहा वसूली का पैसा

स्थानीय गलियारों में अब यह चर्चा आम है कि यदि नौकरी के नाम पर अवैध वसूली हो रही है, तो इसका मास्टरमाइंड कौन है, क्या इस खेल में कंपनी के भीतर के लोग शामिल हैं या फिर कोई सक्रिय बिचौलिया गिरोह बेरोजगारों की लाचारी का फायदा उठा रहा है।

# राइस मिल में अफसरों की दबिश, रिकार्ड के अनुसार नहीं मिला धान व चावल, किया सील

हरिभूमि न्यूज : सक्ती

समर्थन मूल्य पर चल रही धान खरीदी के अंतिम दिनों में अफसरों की टीम लगातार दबिश दे रही है। इसी कड़ी में सक्ती जिले के पोता में राईस मिल की जांच की गई, जहां रिकार्ड के अनुसार धान व चावल नहीं होने पर मिल को सील किया गया।

धान खरीदी नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, खाद्य अधिकारी तथा जांच दल द्वारा विकासखंड मालखरौदा



अंतर्गत ग्राम पोता का हनुमान जी राइस मिल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड के अनुसार जहां लगभग 12,900 क्विंटल धान एवं चावल का भंडारण होना था, वहीं जांच में 321 क्विंटल अतिरिक्त पाया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हनुमान जी राइस मिल, पोता को सील कर दिया। इस बड़ी कार्यवाही से धान खरीदी में गड़बड़ी करने वालों में हड़कंप मच गया है और स्पष्ट संदेश दिया गया है कि नियमों से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों सहित अन्य सभी स्थलों की 24 घंटे सतत निगरानी की जा रही है।

### ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में सरस्वती पूजा

**कोरबा।** ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में मां सरस्वती पूजा मनाया गया। स्कूल परिसर को पीले पुष्पों, रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक रंगोली से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजा और आरती से हुई। छात्रों ने सरस्वती वंदना भी प्रस्तुत की। स्कूल में बसंत प्रिंस और बसंत प्रिंसेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चे पीले और बसंती परिधानों में मंच पर आत्मविश्वास के साथ उतरे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था।

## अकादमिक पुरस्कार से नवाजे गए प्रतिभावान छात्र

# डीपीएस बालको में दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


डीपीएस बालको में सत्र 2025–26 का दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस खेल महोत्सव में नर्सरी से कक्षा चौथी तक के विद्यार्थियों ने पूरे जोश, उमंग और खेल भावना के साथ भाग लिया। खेल महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कैलाश पवार एवं छात्र प्रतिनिधियों द्वारा आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़कर किया गया। जंबल मार्च-पास्ट कार्यक्रम ने भी सभी का ध्यान आकर्षित किया।

पहले दिन नर्सरी से कक्षा एक तक के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर खेल महोत्सव का उद्घाटन प्री नर्सरी के छात्र विराट चौधरी ने तथा समापन छात्रा शांभवी नायक द्वारा किया गया। इसके अगले दिन कक्षा 2 से 4 तक के विद्यार्थियों के लिए खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस दिन खेल महोत्सव का उद्घाटन सुप्रीथा ममिल्लापल्ली ने किया एवं समापन अंजनैया चौहान द्वारा किया गया। खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ लगभग 70-70 विद्यार्थियों के समूहों द्वारा प्रस्तुत सामूहिक फील्ड डिस्प्ले कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। सभी प्रस्तुतियां पूर्णतः समन्वित एवं अनुशासित थीं। कार्यक्रम में हर्डल रेस, सैपलिंग रेस, बैग अरेंजिंग रेस सहित पारंपरिक एवं रचनात्मक खेलों का सुंदर समावेश देखने को मिला। इसके अतिरिक्त, सत्र 2024-25 के अकादमिक पुरस्कार भी दोनों दिनों में संबंधित कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रदान किए गए। इन गतिविधियों ने बच्चों में आत्मविश्वास, खेल भावना एवं उत्साह का संचार किया, वहीं उपस्थित अभिभावकों को भी अपने बचपन की मधुर स्मृतियों की याद दिला दी। कार्यक्रम का समापन वार्षिक खेल महोत्सव के औपचारिक समापन की घोषणा एवं राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।




वार्षिक खेल उत्सव के दौरान स्कूली छात्राएं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780




23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector- 4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411